**बिहार सरकार**

**पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग**

सं0सं0– पि0व0/7/आ0क0वि0प्र0 एंव संधा0–39–14/2025– 448

प्रेषक,

गोपाल प्रसाद
उप निदेशक।

मेल

सेवा में,

जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी,
अरवल, औरंगाबाद, बाँका, बेगूसराय, भोजपुर, बक्सर, जहानाबाद, दरभंगा, गया जी, गोपालगंज, जमुई, कैमूर, लखीसराय, मधुबनी, पटना, मुजफ्फरपुर, नवादा, प0 चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, पूर्णियां, रोहतास, शिवहर, सीतामढ़ी, सिवान एवं वैशाली, बिहार।

पटना, दिनांक– 20/7/26

विषयः– अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों के कक्षा–VI, VII, VIII एवं IX में नामांकन की अद्यतन स्थिति से संबंधित दैनिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–426, दिनांक–08.07.2026

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा विभाग अंतर्गत संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों के कक्षा–VI, VII, VIII एवं IX में वर्तमान में रिक्त कुल–121 सीटों के विरूद्ध छात्राओं के नामांकन हेतु मेधा सूची भेजते हुए विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं।

अब तक किये गये नामांकन के संबंध में दिनांक–15.07.2026 को समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि नामांकन की गति संतोषजनक नहीं है। इससे स्पष्ट हो रहा है नामांकन हेतु सम्यक एवं तत्परता पूर्वक कार्रवाई ( यथा अभिभावकों से दूरभाष से सम्पर्क) नहीं किया जा रहा है। यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है तथा माननीय मंत्री महोदया कोषांग से भी अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

अतएव निदेश दिया जाता है कि मेधा सूची के अनुसार संबंधित अभिभावकों से शीघ्र सम्पर्क/समन्वय स्थापित करने हेतु टीम गठित कर शत–प्रतिशत ससमय नामांकन की कारवाई तत्परता से सम्पन्न किया जाय। साथ ही नामांकन के संबंध में कृत कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन संलग्न विहित प्रपत्र में प्रतिदिन मुख्यालय को ई–मेल (splsecty-welfare-bih@gov.in) पर भेजना सुनिश्चित किया जाय ताकि नामांकन संबंधी अद्यतन प्रतिवेदन से माननीय मंत्री महोदया कोषांग को नियमित रूप से अवगत कराया जा सके।

इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए सम्पन्न कराया जाय अन्यथा कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

अनु0–यथोक्त।

विश्वासभाजन
(गोपाल प्रसाद)
उप निदेशक।

ज्ञापांक– पि0व0/7/आ0क0वि0प्र0 एंव संधा0–39–14/2025– 448 पटना, दिनांक– 20/7/26

प्रतिलिपि–सभी संबंधित प्रमंडलीय उप निदेशक, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण/सभी संबंधित अनुमंडल पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी–सह–नोडल पदाधिकारी/सभी संबंधित प्रधानाध्यापक, अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप निदेशक।

P.T.O

ज्ञापांक– पि0व0 / 7 / आ0क0वि0प्र0 एंव संधा0–39–14 / 2025–448 पटना, दिनांक– 20/7/26
प्रतिलिपि–माननीया मंत्री के आप्त सचिव / अपर मुख्य सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

उप निदेशक।

ज्ञापांक– पि0व0 / 7 / आ0क0वि0प्र0 एंव संधा0–39–14 / 2025–448 पटना, दिनांक–20/7/26
प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

उप निदेशक।